दिनांक 31.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को भी बिदाई समारोह में आमंत्रित करने से उनके परिवार को गौरव महसूस होगा कि हमारे परिवार का मुखिया नगर निगम के इस वृहद स्वरुप निर्माण में अपनी जीवन के अमूल्य क्षण समर्पित किये हैं। महापौर परिषद के सदस्य श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निगम सभागार में आयोजित 7 कर्मचारियों के बिदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

भिलाई निगम में कार्यरत् बेनी प्रसाद वाहन चालक , आद्या शंकर सिंह पम्प सहायक , बसंत कुमार ताम्रकर सहायक मेकेनिक , श्रीमती फुलमणी भृत्य , श्रीमती कमला बाई माली , श्रीमती तुलसी बाई, एवं श्रीमती बैसाखिन बाई सफाई कामगार को गुरुवार को शाम 5.00 बजे निगम सभागार में श्रीमती सुभद्रा सिंह एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा ने शाॅल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, एवं सेवानिवृत्त की राशि प्रदान कर बिदाई दी।

इस अवसर पर जीवन वर्मा , धर्मेन्द्र मिश्रा, रामेश्वर चन्द्राकर, वकील अहमद, कृष्णा देशमुख, संजय शर्मा, अरुण सिंह, श्यामलाल मांझी, शिव शर्मा, श्रीमती संध्या कोर्डे, तुलसी, श्रवण ठाकुर, भूपेश्वर देशमुख, शिव कुमार देशमुख, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी